# राष्ट्रपति ने देखा बाराबंकी के हथकरघा का तानाबाना

## हथकरघे से कपड़ा बनते देख मुग्ध हो गए कोविंद और योगी, जनपद के 30 उद्यमी वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रॉडक्ट में हुए शामिल

संवादसूत्र, बाराबंकी : लखनऊ में आयोजित वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रॉडक्ट कार्यक्रम में बाराबंकी हथकरघा का तानाबाना पर कपड़ा बनता देख राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद व सीएम योगी आदित्यनाथ मुग्ध हो गए। हथकरघा उद्योग की बेहतरी के बारे में भी पूछा। लखनऊ में आयोजित ओडीओपी समिट में हथकरघा का लाइव डेमो दे रहे जैदपुर के बुनकर मुनीर अहमद मेंहदी की खुशी का ठिकाना नहीं रहा, जब राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद उनके पास मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ पहुंचे और उनसे पूछा कि यह काम आप कब से कर रहे हैं। तो मुनीर ने झट बताया कि यह पुश्तैनी कार्य है। यह भी पूछा इसमें क्या परेशानियां हैं आपको, पहले और अब फायदा कैसा है, मुनीर ने बेबाकी से कहा कि पहली बार किसी सरकार ने हम गरीबों को तवज्जो दी है। योगी सरकार ने बुनकरों को तरजीह देकर इस उद्योग में जान फूंक दी है।

**उत्पादों का मोहक डिस्प्ले :** राष्ट्रपति के समक्ष जिले के 30 उद्यमियों ने अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया और जानकारी दी। जिसमें शहाबपुर से गाजी हसन, वसीनगर जैदपुर से मो. अम्मार, सीएम युवा स्वरोजगार योजना में आवास विकास कालोनी बाराबंकी से सोनिया शर्मा, बड़ापुरा जैदपुर से जियाउल मो. जावेद, जैदपुर देहात से मो. जावेद, पीएम मुद्रा योजना में जैदपुर देहात कटरा के मो. नसीम, वहीं के मो. अब्दुल्लाह अंसारी, सैफुल्लाह अंसारी, जैदपुर देहात के दिलशाद अहमद, कटरा जैदपुर के दिलशाद अहमद, मो. गुफरान, शहाबपुर के हसमत अली, शहर के मुहल्ला कटरा निवासी शान वारिस, शहाबुद्दीन मिर्जा, कटरा जैदपुर के मो. अजीम, भीतरी पीर बटावन निवासी अब्दुल रहमान, गुलरिया गार्दा निवासी अमन श्रीवास्तव, समेढ़ी के अनवार आलम, कटरी टोला जैदपुर देहात के अबू कतादा, अबू सुफयान, समढ़ी जैदपुर के मो. इश्तियाक, जैदपुर देहात हबीब अहमद, मैनुद्दीन, जैदपुर कटरा के नसीम, सिरौलीगौसपुर के भवानीपुर ग्राम रामपुर निवासी मो. इम्तियाज, कटरा रामपुर के मो. शाहिद, समेढ़ी जैदपुर के मो. शाहिद, सीजीटीएमएसई में शहाबपुर के विनीत गुप्ता, एमएसएमआइ में सिविल लाइन निवासी आनंद कुमार जैन ने अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया।



लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में हथकरघा पर बैठे बाराबंकी के मुनीर से बात करते राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ



लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में लगी प्रदर्शनी में बैठे बाराबंकी के मुनीर



शुक्रवार को डीआरडीए सभागार में प्रमाण पत्र लिए व्यापारियों के साथ विधायक शरद अवस्थी और जिलाधिकारी उदयभानु त्रिपाठी

### वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट का सजीव प्रसारण

संवादसूत्र, बाराबंकी : उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के उद्देश्य से एक नई दिशा एक नई उड़ान के साथ ही एक जनपद एक उत्पाद के शुक्रवार को 30 लाभार्थियों को लखनऊ भेजा गया, जिनमें से सात लोगों को बैंकर्स द्वारा 125.33 लाख रुपये ऋण वितरित किया गया। लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम जिसका सजीव प्रसारण डीआरडीए गांधी सभागार में डीएम उदय भानु त्रिपाठी की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में विधायक शरद अवस्थी भी उपस्थित रहे। डीएम ने उद्यमियों को प्रोत्साहित करते हुए पूरे लगन के साथ कार्य करने की सलाह दी। एक जनपद एक उत्पाद के अंतर्गत जनपद स्तर पर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम के अंतर्गत बैंकों द्वारा 41 आवेदन पत्र स्वीकृत किए गए। चयनित हथकरघा उत्पाद स्टॉल की प्रदर्शनी लगायी गई एवं आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम में सीडीओ अंजनी कुमार सिंह, जिला प्रबंधक अग्रणी बैंक अतुल कुमार सिंह, उपायुक्त उद्योग सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।